>

Title: Need to increase the fund under Member of Parliament Local Area Development Scheme (MPLADs).

**श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना को और व्यापक एवं इसकी धनराशि को और बढ़ाने के विषय में सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। 23 दिसम्बर, 1993 से लागू इस योजना के माध्यम से सांसद स्थानीय जरूरतों के आधार पर विभिन्न विकासात्मक प्रकृति के कार्यों की अनुशंसा करता है। यह बात भी ठीक है कि समय-समय पर इसमें संशोधन भी हुए हैं और इस राशि को बढ़ाया भी गया। इस निधि की लोकप्रियता का अंदाजा मात्र इस बात से लगाया जा सकता है कि जहां यह राशि वर्ष 1993-94 में मात्र पांच लाख रुपए थी, जिसे एक साल की अवधि के बाद 1994-95 में एक करोड़ रुपए और 1998 में इसे दो करोड़ रुपए तथा वर्ष 2011-12 में इस राशि को बढ़ा कर पांच करोड़ रुपए किया गया। इस योजना की लोकप्रियता को बनाए रखने के लिए आज इसे और व्यापक बनाने तथा इसकी राशि को और बढ़ाने की आवश्यकता है।

सभापति महोदय, आपके माध्यम से मेरा सरकार से आग्रह है कि केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों में जो केन्द्र की विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, उन्हीं योजनाओं में से पांच करोड़ तक की कुछ बड़ी योजनाएं विशेषकर पेय जल एवं सिंचाई जल योजना, पीएमजीएसवाई योजना के अंतर्गत तथा अन्य योजनाएं, जो केन्द्र के द्वारा दी जाती हैं, उनके लिए धनराशि का प्रावधान इसी योजना के अंतर्गत होना चाहिए और यह राशि पांच करोड़ रुपए से बढ़ा कर कम से कम दस करोड़ रुपए होनी चाहिए। मैं इस तरफ भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

*69

Title: Need to allocate more funds for Gauge conversionof Madurai-Bodi Line Railway Projects, Fund Allocation.

SHRI J.M. AARON RASHID (THENI): Sir, please allow me to speak from here.

Sir, Madurai-Bodi Broad Gauge conversion is estimated to cost Rs. 180 crore in 2009-10. In 2010-11, the Railway Ministry has allotted Rs. 15 crore; in 2011-12, they have allotted only Rs. 5 crore. If there is a slow allocation like this, it will take another ten years to complete this.

Sir, in Teni District, Madurai-Bodi is a vulnerable line because in the border areas of Kerala and Tamil Nadu, we are producing cardamom, that is, *elaichi*, plantains, which are supplied all over the world, raw silk, that is, cotton, coconut, coffee and other spices. It is supplied all over India and also to the rest of the world.

Earlier, there were booking stations in Bodi as well as in Teni. Due to gauge conversion, they have been closed. Now, the traders have to take their goods either to Madurai or to Erode, but Madurai and Erode railway officers are asking them to either go to Coimbatore or Chennai. If they have to go to Coimbatore, they have to travel 400 kilometres; if they have to go to Chennai, they have to travel 550 kilometres. It involves transportation by a number of lorries and trucks and other interventions, besides theft taking place on the way. The traders are in tears.

My request is that this gauge conversion work should be taken up on a war-footing and completed. I have already requested the Railway Minister in person about this. Before gauge conversion, I would request the Government of India to open booking centres in Bodi and in the Teni District to facilitate traders. It is a revenue generating business. In a year, 25 lakh tonnes are produced and it goes to all other places. Therefore, I urge upon the Government and also my request to the railway authorities is to intervene and release more funds for this gauge conversion work. It will have to be completed on a war-footing basis in the larger interest of the poor and small traders of my Teni District.

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned to meet again on Monday, the 10th December, 2012 at 11.00 a.m.

**18.45 hrs**

## The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

*on Monday, December 10, 2012/Agrahayana 19, 1934 (Saka).*